# न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट, पाली

## पीठासीन अधिकारी:: श्री एल. एन. मंत्री, आई.ए.एस

विविध :: 81/2025

जीसीएमएस नम्बर :: 2025/139

**प्रार्थी :–** बनाम **अप्रार्थीगण :–**

"आईकेएफ फाईनेन्स लिमिटेड कार्यालय– डी नम्बर 40–1–144 कॉर्पोरेट सेन्टर एम. जी. रोड विजयावाडा आन्ध्रप्रदेश 520010 अन्य कार्यालय एफ2–ए जगदम्बा टॉवर आम्रपाली सर्किल वैशाली नगर जयपुर राजस्थान जरिये प्राधिकृत अधिकारी श्री निकुंजभाई बोदीवाला

1. मैसर्स श्री श्री यादे माताजी मटकाघर जरिये प्रोपेराईटर विद्या पता– 354 दुर्गा कॉलोनी रामदेव रोड पाली 306401
2. श्रीमती विद्या पत्नी श्री प्रभु लाल पता– 354 दुर्गा कॉलोनी रामदेवी रोड पाली 306401 अन्य पता– पट्टा विलेख संख्या 13435 खसरा नम्बर 903/1 आजाद नगर पाली 306401
3. प्रभु लाल पुत्र नारायण पता– 354 दुर्गा कॉलोनी रामदेवी रोड पाली 306401 अन्य पता– पट्टा विलेख संख्या 13435 खसरा नम्बर 903/1 आजाद नगर पाली 306401

<u>प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा–14 सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्सियल एसेट्स एण्ड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटि इन्टरस्ट, 2002</u>

**दिनांक :– 31.07.2025**

1. यत प्राधिकृत अधिकारी, आईकेएफ फाईनेन्स लिमिटेड वित्तीय आस्तियो का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम –2002 SARFAESI Act 2002 की धारा 14 के तहत प्रार्थना–पत्र जरिये अधिवक्ता श्री विक्रम सिंह ने **मैसर्स श्री श्री यादे माताजी मटकाघर जरिये प्रोपेराईटर विद्या व अन्य** के विरूद्ध उक्त अधिनियम के अन्तर्गत ऋण के समय रखी गयी गिरवी सम्पत्ति का कब्जा लेने हेतु इस न्यायालय से अनुरोध किया है।

2. कम्पनी के उपस्थित अधिवक्ता/प्रतिनिधि ने प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए यह बताया कि अप्रार्थी/ऋणी को बैक/कंपनी द्वारा दिनांक **06.04.2023** को **10,50,000/– ( दस लाख पचास हजार रूपये)** का ऋण स्वीकृत किया गया। इस ऋण की एवज में निम्न जायदाद/सम्पत्ति बैंक के पास गिरवी रखी गयी है जिसका विवरण निम्नानुसार है –

| |
|---|
| पट्टा विलेख संख्या 13435 खसरा नम्बर 903/1 आजाद नगर पाली में स्थित है जिसकी चतुर्दिशाएं उत्तर में में गबरूदीन का मकान दक्षिण में गोपाल दास का मकान पूर्व में गुलाब सांसी का मकान व पश्चिम में रास्ता 24.3 फीट है। जिसका कुल क्षेत्रफल 95.83 वर्गगज है। |

जिला मजिस्ट्रेट पाली (राजस्थान)

3. चूंकि ऋणी फलस्वरूप अप्रार्थी **मैसर्स श्री श्री यादे माताजी मटकाघर जरिये प्रोपेराईटर विद्या व अन्य** के द्वारा बैंक/कम्पनी से प्राप्त किये गये ऋण के पेटे प्रार्थी के पक्ष में ऋणी एवं जमानतियों द्वारा गारंटी, करार एवं दस्तावेजो पर अपने हस्ताक्षर कर इसे निष्पादित कर दिये गये थे, परन्तु उक्त ऋणी द्वारा बैंक से प्राप्त की गयी ऋण राशि का भुगतान नहीं किये जाने से ऋणी के ऋण खाते को दिनांक **03.02.2025** को एन. पी.ए. (Non Performing Asset) घोषित किया गया।

जिला मजिस्ट्रेट, पाली

4. फलस्वरूप अप्रार्थी **मैसर्स श्री श्री यादे माताजी मटकाघर जरिये प्रोपेराईटर विद्या व अन्य** ऋणी एवं इसके समस्त जमानतियों के द्वारा SARFAESI Act की के तहत ऋण राशि मय ब्याज **10,77,557/–( दस लाख सतहत्तर हजार पॉच सौ सत्तावन रूपये)** दिनांक **15.02.2025** तक ब्याज शामिल करते हुए भुगतान हेतु बकाया है। SARFAESI Act की धारा 13(2) के तहत बकाया भुगतान करने हेतु जरिये रजिस्टर्ड

